## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय तीरंदाजी स्पर्धा के लिए निखिलकांत पदम का चयन



**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती वंदना गुप्ता, उत्कृष्ट विद्यालय मंडला की प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी विकास खराड़कर, तीरंदाजी प्रशिक्षक जसवंत अहिरवार एवं जिला खेल प्रभारी मंगल पंद्रे के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट विद्यालय मंडला के प्रतिभावान खिलाड़ी निखिलकांत पदम का चयन आगामी राष्ट्रीय तीरंदाजी स्पर्धा के लिए किया गया है। निखिलकांत ने हाल ही में शुजालपुर (शाजापुर) में आयोजित शालेय राज्य स्तरीय तीरंदाजी स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया था। उनकी मेहनत, लगन और खेल प्रतिभा को देखते हुए चयनकर्ताओं ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया है। इस उपलब्धि पर खिलाड़ी, उनके परिवारजन एवं विद्यालय में खुशी की लहर है। निखिलकांत ने भी विश्वास जताया है कि वे राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, जिले और राज्य का नाम रोशन करेंगे। वे सुखदेव सिंह पदम एवं श्रीमती दुजिया पदम के सुपुत्र हैं। उल्लेखनीय है कि उत्कृष्ट विद्यालय मंडला से सूर्यांश चौरसिया एवं निखिलकांत पदम का शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ था। दोनों खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी शिवम मिश्रा, शैलेश जायसवाल, कन्हैया लाल बरमैया, नागेंद्र सिंह चौहान, प्रखर पटेल, मातेश्वरी परस्ते, शालिनी साहू, सुजाता शर्मा, रंजना पाण्डेय, नत्थू सिंह घोषी, बिजेंद्र चौरसिया, दिलेंद्र सिंगोर, मुकेश चौरसिया, अरुण दुबे, सोनल अग्निहोत्री, वंदना श्रीवास्तव एवं चंद्र कृष्ण नंदा सहित समस्त विद्यालय परिवार ने आगामी राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए निखिलकांत को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### एक माह में ही 'मैचुअल वापसी' पर विभाग की मौन स्वीकृति

# सहायक वार्डन स्थानांतरण में भारी गड़बड़ी



*** एक सप्ताह में जारी हुये तीन आदेश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

जिला शिक्षा केंद्र मंडला के अंतर्गत संचालित नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावासों में सहायक वार्डनों के हालिया स्थानांतरणों में गंभीर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। विशेष रूप से खलौड़ी छात्रावास का मामला चर्चा में है, जहां एक ही सहायक वार्डन के संबंध में एक सप्ताह के भीतर तीन अलग-अलग स्थानांतरण आदेश जारी किए गए, जबकि एक माह के भीतर ही अधिकांश सहायक वार्डनों को ₹मैचुअल ट्रांसफर₹ के नाम पर पुनः उन्हीं स्थानों पर वापस भेज दिया गया, जहाँ से उन्हें हटाया गया था।

#### पहला आदेशः शिकायतों के आधार पर स्थानांतरण

11 सितंबर 2025 को जिला शिक्षा केंद्र द्वारा जारी आदेश क्रमांक 1209 के तहत श्रीमती नीता आर्सिया, सहायक वार्डन, खलौड़ी छात्रावास से आरौली छात्रावास स्थानांतरित कर दी गईं। यह निर्णय छात्राओं, पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष द्वारा दर्ज शिकायतों और जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया था। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया और इसे कलेक्टर एवं मिशन संचालक द्वारा अनुमोदित किया गया।

#### दूसरा आदेशः मात्र 9 दिन बाद संशोधन

20 सितंबर को नया आदेश क्रमांक 1228 जारी करते हुए पूर्व आदेश को अधिक्रमित कर दिया गया। इस बार श्रीमती नीता आर्सिया को भैंसवाही क्र.1 छात्रावास में स्थानांतरित किया गया। आदेश में उल्लेख किया गया कि यह स्थानांतरण ₹प्रशासकीय सुविधा₹ के दृष्टिगत किया गया है। इस आदेश की कलेक्टर से अनुमोदन की जानकारी स्पष्ट नहीं है।

#### तीसरा आदेशः दोबारा खलौड़ी की वापसी और फिर निरस्तीकरण

23 सितंबर को तीसरा आदेश क्रमांक 1245 जारी किया गया, जिसमें दोनों पूर्व आदेशों (दिनांक 16 व 20 सितंबर) को निरस्त कर दिया गया। इसमें बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा जारी स्थगन आदेश (WP No. 31556/2024, दिनांक 18.10.2024) के अनुपालन में श्रीमती नीता आर्सिया को पुनः आरौली छात्रावास में यथावत पदस्थ किया गया है। इस आदेश को भी कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित किया गया।

#### वार्डन ने जताई आपत्ति

श्रीमती नीता आर्सिया ने इस घटनाक्रम को मानसिक प्रताड़ना बताते हुए कहा कि जब उन्होंने पूर्व में सेवा समाप्ति के विरुद्ध स्थगन आदेश प्राप्त किया था, तब उन्हें सुखराम से खलौड़ी स्थानांतरित करना माननीय न्यायालय के आदेश का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी कहा कि खलौड़ी में उन्हें सुरक्षा की दृष्टि से खतरा है, अगर मैं एक दिन को भी जाती हूं तो वहां मेरी जानको खतरा हो सकता है। क्योंकि जांच दल ने वहां के खराब माहौल की पुष्टि की थी। उन्होंने 23 सितंबर को कलेक्टर जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कर आग्रह किया कि उन्हें वर्तमान पदस्थापना स्थल आरौली में ही कार्य करने दिया जाए।

#### मैचुअल वापसी पर उठे सवाल

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि मात्र एक माह के भीतर ही अधिकांश सहायक वार्डनों को ₹मैचुअल ट्रांसफर₹ के नाम पर उन्हीं छात्रावासों में वापस भेज दिया गया, जहाँ से उन्हें हटाया गया था। इससे स्थानांतरण प्रक्रिया की पारदर्शिता और वैधानिकता पर गंभीर सवाल उठते हैं।

#### प्रशासन मौन, जवाबदेही नहीं

पूरे घटनाक्रम में जिला शिक्षा केंद्र की भूमिका सवालों के घेरे में है। एक के बाद एक आदेशों में बार-बार संशोधन, न्यायालयीन आदेशों की अनदेखी, और "मैचुअल वापसी" की आड़ में की गई मनमानी पर प्रशासन पूरी तरह मौन है।

#### इनका कहना है :-

*माननीय उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश के आधार उनको यथावत रखे जाने का आदेश दिया गया। आगे में स्वयं माननीय न्यायालय जाकर दिशा निर्देश लेकर कार्यवाही करूगा।*

***-अरविंद विश्वकर्मा, डीपीसी मण्डला***

# अधिग्रहण के दो वर्ष बाद भी नहीं मिल रहा मुआवजा

*** ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री से लेकर आला अधिकारियों को की शिकायत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया



मंडला राष्ट्रीय राजमार्ग 30 से कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के सरही गेट तक मार्ग निर्माण का कार्य चल रहा है । भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और सड़क निर्माण का कार्य भी पिछले वर्ष से चल रहा है। ग्रामवासियों को अभी तक उनकी भूमि अधिग्रहण के पश्चात कोई मुआवजा नहीं मिला है। मुआवजा न मिलने से उन्हें आर्थिक रूप से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जिन जिन कृषकों की भूमि अधिग्रहित की गई है उस क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य भी लगभग पूर्ण होने वाला है और ग्रामवासी यहां से वहां भटकने को मजबूर हैं। संबंधित विभाग में संपर्क करने पर मंडला भू अर्जन कार्यालय जाने की बात कही जाती है और मंडला भू अर्जन कार्यालय जाने पर वहां कहा जाता है कि अभी 6 महीने लगेंगे। अगर इस प्रकार की स्थिति रही तो जिन लोगों ने अपनी बाउंड्री वॉल, मेढ़, फेंसिंग, निर्माण अलग किया है उन्हें भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और उनका हित प्रभावित हो रहा है।

पीड़ित कृषकों ने मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, कलेक्टर मंडला, कार्य पालन यंत्री लोक निर्माण विभाग मंडला, अनुविभागीय दंडाधिकारी बिछिया, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग बिछिया को लिखित शिकायत करते हुए भू अर्जन के मुआवजा की मांग की।सात ही कलेक्टर मंडला की जन सुनवाई में 3 सितम्बर 24 को क्रमांक 17 में अपनी शिकायत कर मुआवजा की मांग की है।

किन्तु किसी भी ने उनकी कोई सुनवाई नहीं की है। किसानों के हाथ आज भी खाली है जिसमें रत्नेश यादव, नीरज भट्ट, संजय ठाकुर, नंद कुमार नंदा, विष्णु तिवारी, योगेश गुप्ता, महेश गणेश उयके, ज्योत सिंह ठाकुर, लल्ला यादव सरही, राजेंद्र कुमार साहू, सहित अनेक किसान है।

#### इनका कहना है:-

*हमारे ग्राम पंचायत सरही के कुछ बड़े किसानों को मुआवजा पूर्व में ही दिया जा चुका है और हम छोटे लघु किसानों को वंचित किया जाना शासन का हमारे साथ सौतेला व्यवहार है।*

***-लल्ला यादव, वरिष्ठ कृषक सरही पंचायत***

*राष्ट्रीय उद्यान कान्हा किसली का तीसरा गेट एन एच 30 से सरही मार्ग हेतु बिछिया नगर परिषद के वार्ड क्रमांक पन्द्रह के किसानों और सरही पंचायत के किसान की भूमि शासन ने जिस तत्परता से अधिग्रहण की कार्रवाई को अंजाम दिया था उसी तरह किसानों को उनकी भूमि का मुआवजा दिया जाना चाहिए था।*

***-राजेन्द्र कुमार साहू, कृषक, भुआबिछिया***

# क्षेत्रीय परंपरागत नृत्य के माध्यम से हुआ नवरात्रि आयोजन



*** किड्ज़ी सिविल लाइन्स में धूमधाम से मनाया गया नवरात्रि उत्सव।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

किड्ज़ी सिविल लाइन्स में नवरात्रि का पावन पर्व बड़े उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में छोटे-छोटे बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में सुसज्जित होकर माँ दुर्गा की महिमा का गुणगान किया।इस विशेष आयोजन में सीनियर केजी के नन्हें-मुन्ने बालक-बालिकाओं ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने देवी नव रूप शक्ति वंदना,माँ काली नृत्य,धुनुची नृत्य,मंगलम नृत्य,शुभ आरम्भ नृत्य के साथ अनेक मनमोहक प्रस्तुतिों से मंत्रमुग्ध किया। छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी शिक्षिकाओं के साथ मिलकर उल्लास पूर्वक गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों की मासूम अदाओं और उनके उत्साह ने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया। आयोजन में विद्यालय के नृत्य शिक्षक भव्यदीप कछवाहा,चेतना मालवानी का विशेष योगदान रहा। अभिभावकों ने भी बच्चों को विषयानुसार सुंदर परिधान पहनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्राचार्या शालिनी शुक्ला एवं एकेडमिक कोऑर्डिनेटर राशि पमनानी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



## विद्यार्थियों ने किया आईटीसीई कंप्यूटर सेंटर का औद्योगिक भ्रमण

*** स्वरोजगार और आधुनिक तकनीक की जानकारी पाकर उत्साहित हुए छात्र।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया



शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बिछिया के व्यावसायिक ट्रेड आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) के विद्यार्थियों ने प्राचार्य श्रीमति अरुणा दीक्षित के मार्गदर्शन में नगर परिषद बिछिया स्थित ITCE कंप्यूटर सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यालय में पदस्थ व्यावसायिक प्रशिक्षक विकास जंघेला की उपस्थिति में सेंटर संचालक ने छात्रों को कंप्यूटर तकनीक, रोजगार के अवसरों और स्वरोजगार से जुड़ी संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी।

संचालक ने विद्यार्थियों को विभिन्न कंप्यूटर कोर्स, डिजिटल सेवाओं और स्टार्टअप्स की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया। उन्होंने बताया कि आज के समय में कंप्यूटर ज्ञान हर क्षेत्र में आवश्यक है और सही प्रशिक्षण से छात्र स्वयं का रोजगार सृजित कर सकते हैं।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कंप्यूटर नेटवर्किंग, डाटा प्रोसेसिंग, प्रिंटिंग और ग्राफिक्स डिजाइनिंग जैसे कार्यों को नजदीक से देखा। नई तकनीक को प्रत्यक्ष अनुभव कर छात्र उत्साहित दिखे और भविष्य में कंप्यूटर शिक्षा को करियर बनाने का संकल्प लिया। प्राचार्य अरुणा दीक्षित ने इस औद्योगिक भ्रमण को छात्रों के व्यावसायिक कौशल विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया और कहा कि ऐसे अनुभव छात्रों में आत्मनिर्भरता और नवाचार की सोच को बढ़ावा देते हैं।

**विरोध** | **घटिया कपड़े की रेडीमेड वर्दी के विरोध में पहुंचे जनसुनवाई।**

# घटिया वर्दी के विरोध में कोटवार हुये लामबंद

*** खुद पसंद के कपड़े खरीदकर सिलाई कराकर पहनेंगे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



घटिया से घटिया कपड़े से बने रेडीमेड अनफिट वर्दी एवं घटिया सामग्रियां जबरन न थोपे जाने कोटवारों ने जनसुनवाई में आवेदन दिया है। जिसमें यह भी चाहा गया है, कि जिस तरह दो साल पहले इन सामग्रियों को खरीदने के लिए राशि कोटवारों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाती रही है,उसी तरह अब भी जमा कराए जाने का निवेदन किया है। कोटवार संगठन के जिला उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता शंकर दास पड़वार, जिला अध्यक्ष रंजीत पड़वार और संगठन मंत्री कुंवर दास धार्वैया ने संयुक्त रूप से यह भी बताया है,कि कोटवारों को घटिया क्वालिटी के कपड़े से बने ढीली-ढाली जोकर के पहनावे जैसी वर्दी बांटने को लेकर जिले के समस्त तहसीलदारों के लिए हाल ही में कलेक्टर मण्डला के द्वारा आदेश जारी हुआ है। जिसको सोशल मीडिया पर वायरल होते देख जोकर जैसी वर्दी जबरेन थोपे जाने की प्रक्रिया को लेकर जिले भर के साढ़े सात सौ कोटवारों में आक्रोश की लहर दौड़ गई। जगह-जगह कोटवारों की चिंतन बैठकों का दौर चल गया और मंगलवार 23 सितंबर को जनसुनवाई पहुंच गए। जहां पर निवेदन किया गया है,कि इस संबंध में प्रदेश संगठन के द्वारा हाई कोर्ट में याचिका लगाई गई है।जो विचाराधीन है। जिस पर निर्णय आते तक वर्दी नहीं दिए जाने चाहिए। जबरेन थोपने पर समस्त कोटवार पुरजोर विरोध करेंगे। जनसुनवाई में कलेक्टर के द्वारा दिए गए जवाब से कोटवार संगठन और अधिक चिंताग्रस्त हो गया है, कलेक्टर ने कहा है,कि शासन के द्वारा प्राप्त दिशानिर्देश का पालन जिला प्रशासन को करना है।जबकि कोटवारों का बस इतना सा निवेदन था,कि पूर्व वर्षों की भांति वर्दी एवं सामग्रियां (दो जोड़ वर्दी, गरम कोट, जूता एवं टॉर्च) की राशि कोटवारों के सीधे बैंक खाते में हस्तांतरण किया जाए। जबकि लगभग एक साल से इस मुद्दे को लेकर जिले से लेकर राज्य स्तर तक ज्ञापन,भेंट और आंदोलनों का दौरा चलाया गया पर सरकार है जो मानने से रही और बिचौलियों को फायदा दिलाने कोटवारों का शोषण करने उतारू हो गई है।इस निवेदन पर कोटवार के पक्ष में सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती है,और इसके बाद भी रेडीमेड वर्दी लेने मजबूर करने पर जिले के साढ़े सात सौ कोटवार सारे शासकीय काम बंद करके कलेक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठकर काम बंद हड़ताल करने मजबूर हो जाएंगे। जिसकी संपूर्ण जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी।

## विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने महिला बाल विकास विभाग की विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से संचालित की जाने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि पोषण कार्यक्रम का आयोजन करें और कार्यक्रम में सेम बच्चों को विशेष रूप से सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अति कुपोषण बच्चों के लिए अभियान संचालित करें। कलेक्टर ने अपार आईडी की समीक्षा करते हुए कहा कि 10 अक्टूबर तक यह कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करें। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, बाल आयोग संवर्धन, अधिकारी एवं पर्यवेक्षक द्वारा केंद्र का भ्रमण, अत्यधिक बोनापन, एनआरसी, गर्भवती महिला आदि की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्रीमती शालिनी तिवारी सहित समस्त सीडीपीओ उपस्थित थे।

## पुलिस-फॉरेस्ट की संयुक्त कार्रवाई, चार कछुए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया



गुप्त सूचना पर मंडला पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार रात बड़ी कार्रवाई करते हुए चार दुर्लभ प्रजाति के कछुओं को अवैध रूप से रखे जाने के मामले का खुलासा किया। एसडीओपी बिछिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बिछिया और फॉरेस्ट विभाग की टीम ने दानीटोला रोड स्थित एक मकान पर दबिश देकर 10 संदिग्धों को पकड़ा।

तलाशी के दौरान दो थैलों से कुल चार कछुए बरामद हुए, जिन्हें हवन-पूजन के लिए अवैध रूप से रखा गया था। वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत फॉरेस्ट विभाग ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

#### गिरफ्तार आरोपी

शंभू सोनी, रामेश्वर तिवारी, सुरेंद्र बर्मन, संपत कुशवाहा, राज बर्मन, दिनेश बंजारा, मुरली बंजारा, रामकुमार इनवाती, दिनेश यादव और झल्लूलाल रजक को हिरासत में लिया गया है।

#### संयुक्त टीम में शामिल

कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक भीष्म तिवारी, उपनिरीक्षक प्रवीण मालवीय सहित पुलिस बल और फॉरेस्ट विभाग से रेंजर अविनाश जैन एवं उनकी टीम मौजूद रही। बरामद कछुओं को सुरक्षित संरक्षण में लिया गया।

# नवरात्र पर्व में पंडालों में विराजी माँ जगत जननी


नगर की इन्द्रा कालोनी में स्थापित


नगर के रेल्वे स्टेशन के पास स्थापित प्रतिमा


नगर के चीचली मार्ग फाटक के पास


नगर के के स्टेशन मार्ग पर स्थापित


नगर की पानी टंकी के सामने स्थापित


नगर की विजय कालोनी में स्थापित

## खबर संक्षेप



### जिला स्तरीय बालरंग में कन्या शाला की शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। स्थानीय स्तर पर बीते हुये दिवस जिला स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाडरवारा की छात्राओं के द्वारा विभिन्न विधाओं में प्रस्तुति दी गई। सामूहिक लोकगीत गायन में शशि, हर्षिता,दीक्षा, मोक्षा, सुगम संगीत में विद्या मालवीय, तात्कालिक भाषण में मेघा सराठे, पाठयपुस्तक आधारित कविता पाठ में मुस्कान कहार, सामूहिक नृत्य(कजरी) में प्राची, निधि,आकांक्षा, प्रतिज्ञा, श्रद्धा,रागिनी,राशिका, सलोनी, पूजा ने प्रस्तुति दी। सामूहिक लोकगीत में छात्राओं की शानदार प्रस्तुति ने सभी दर्शकों शिक्षको, प्रतिभागी विद्यार्थियों का मन मोह लिया। छात्राओं की शानदार एवं बुलंद आवाज से सारा हाल गूंज उठा। निर्धारित 5 मिनिट लोकगीत गायन के एक चरण में शिक्षक,विद्यालय व योजनाओं की तारीफ एवं दूसरे चरण में पढ़ी लिखी लडकियों पर एक बहुत ही उमदा किस्म का हास्य बुंदेली लोकगीत प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उक्त लोकगीत में कु रूपाली वैष्णव के द्वारा ढोलक का वादन किया गया। संस्था के प्राचार्य सुशील कुमार शर्मा द्वारा मार्गदर्शक शिक्षक श्रीमती रश्मि पाराशर, योगेन्द झारिया एवं छात्राओं को जिला स्तर पर प्रथम आने पर प्रसन्नता जताई गई। अब सामूहिक लोकगीत गायन में विद्यालयीन छात्राएं जिले का प्रतिनिधित्व कर संभाग स्तर पर 4 अक्टूबर को जबलपुर में अपनी प्रस्तुति देंगे।

### ट्रेनो में सीट सुरक्षित या फिर जल्दबाजी के चक्कर में रेल पटरी पार करना बन सकता जिन्दगी को खतरा



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। शहर के रेलवे स्टेशन पर रेलयात्री सुविधाएँ माँगने के हकदार है, किन्तु जान जोखिम में डाल उनका ट्रेनो में सफर करने को आतुर रहना उचित नही कहा जा सकता। गौरतलब है कि इन दिनों त्यौहारों की धूमधाम कारण रेलवे स्टेशन के दोनो प्लेट फार्मो पर रेलयात्री बच्चो, युवाओं, महिलाओं की काफी भीड भाड़ का आलम रहता है, इस दौरान जब भी कोई ट्रेन रूकती है तो उसमें सीट सुरक्षित करने के लिए या फिर जल्द बाजी में दूसरे प्लेट फार्म पर पहुंचने के लिये अधिकतर यात्री अपनी जान की परवाह न करते हुये मासूम बच्चों को लेकर पटरी पार करने से नही चूकते है, इसमें महिलाएं भी पीछे नही रहती है, इतना ही नही हालत यह है कि कभी कभी तो रूकने के लिए रेंगती ट्रेनो में उनके द्वारा चढ़नें की कोशिश की जाती है। अक्सर देखा जाता है कि अनेक रेलयात्री ट्रेनो में सीट सुरक्षित करने के चलते ट्रैक पर खड़े हो जाते है, जब प्लेटफार्म कूद ट्रैक पार करना अपने आम में खतरे से खाली नही रहता, शहरवासियो ने रेल पुलिस से गुहार लगायी है कि स्टेशन पर ट्रेनो के आने के समय वह प्लेटफार्मो पर विशेष चौकासी बरते और रेलो में जगह पाने के लिए ट्रैक का इस्तेमाल करने वाले रेलयात्रियो को ट्रैक से हटाते हुये प्लेट फार्मो पर ही बैठकर ट्रेनो में चढ़ने की हिदायत दे।

## शहर की रक्षक माँ खेरापति मंदिर सहित देवी मठों पर जल ढारने के लिए सुबह से महिलाओं की उमड़ रही भीड, कन्या भोज के साथ गांव गांव चल रहे धार्मिक अनुष्ठान..

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

इन दिनों चल रहे शारदेय नवरात्र पर्व के चलते शहर व क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह से धर्ममय हो चुका है, जिसके चलते नगर के सनातन हिन्दू धर्म में आस्था रखने वाली माताएं, बहिनों व पुरूष और युवा सुबह से रात तक शक्ति की अधिष्ठात्री देवी माँ दुर्गा की भक्ति में लीन रहकर मातारानी का भरपूर आशीष प्राप्त कर निहाल हो रहे है। वही लोग घरों में जहां माँ भवानी की भक्ति, पूजा, आराधना कर माँ जगदम्बा से मनोकामनाओं की पूर्ति का बरदान माँग रहे है।







वही नगर के देवी मंदिरों में सुबह मातारानी को जल ढारने वाले श्रद्धालुओं की कतारे लगी दिखाई पड़ रही है। बताया जाता है कि वर्तमान में देवी पंडालों में बिद्युत मालाओं, बंदन वारों से दुर्गोत्सव समितियों द्वारा सुसज्जित दुर्गा पंडालों में बिराजी माँ अम्बे माता की मनोहर झांकियाँ निरंतर सज रही है और रात में मातारानी की विशेष पूजा, महाआरती की जा रही है। वही देखा जा रहा है कि नगर में स्थापित देवी स्थलों पर रात 8 बजे से देर रात तक जगह जगह माँ भगवती की प्रतिमाओं का दर्शन करने सड़कों पर श्रद्धालुओं का निकलना भी शुरू हो रहा है तथा मातारानी की चूनरी चढ़ाने व 56 व्यंजनों का भोग लगाने तथा देवी दरबारों में जस गायन, भंजन सहित अन्य धार्मिक आयोजनों का सिलसिला लगातार चल रहा है। वही आने वाले दिनों में और इजाफा होते हुये देखा जावेगा। और मातारानी की आराधना में जो कमी रह गई थी उसे पूरा करते हुये जान पड़ रहे है। नवरात्र की तीज माँ चंद्रघंटा के लिये प्रमुख माना जाता है इसी के चलते लोगों ने माँ चंद्रघंटा नमोऽस्तुते के साथ आराधना की गई। अपने शरणागत की दुर्गति का नाश कर उसको सद्गति प्रदान करने वाली शक्ति का नाम ही दुर्गा है। इसीलिए दुर्गा दुर्गति नाशिनी* भी कहा गया है। दुर्गा शक्ति की उत्पत्ति के पीछे भी बहुत से कारण हैं तथापि मुख्यतः जगत जननी माँ जगदम्बा द्वारा दुर्गम नामक असुर का नाश करने के कारण ही उनका नाम 'दुर्गा' पड़ा। दुर्गम अर्थात जिस तक पहुंचना आसान काम नहीं अथवा जिसका नाश करना हमारी सामर्थ्य से बाहर हो। मनुष्य के भीतर छुपे यह काम, क्रोध , लोभ , मोह और अहंकार जैसे दुर्गुण ही तो दुर्गम असुर हैं जिनका नाश करना आसान तो नहीं लेकिन माँ की कृपा से असंभव भी नहीं है। नारी के भीतर छुपे स्वाभिमान व सामर्थ्य का प्राकट्य ही 'दुर्गा' है। परम शक्ति सम्पन्न व परम वन्दनीय होने पर भी जब-जब समाज में नारी के प्रति एक तिरस्कृत भाव रखा जाएगा, तब- तब नारी द्वारा अपने शक्ति प्रदर्शन का नाम ही 'दुर्गा' है। नवरात्र का तृतीय दिवस माँ चन्द्रघंटा को समर्पित है। गौरतलब है कि शहर की रक्षक माँ खेरापति मंदिर में विराजी माँ खेरापति की प्रतिमा का तेज निखरता चला जा रहा है, जिसके चलते प्रतिदिन सैकड़ो की तादाद में माँ खेरापति के मंदिर में पहुंच रहे है तथा विधि विधान के साथ मातारानी का पूजन करते हुए देखे जा रहे है। इसी प्रकार से नगर के शक्तिधाम मंदिर में भी सुबह से ही जल ढारने वाले महिलाओं की भीड़ देखने मिल रही है। इस प्रकार से नगर की रक्षक माँ खेरापति के दर्शन कर नगरवासी अपने जीवन को धन्य बना रहे है, तो दूसरी ओर जहां तहां स्थापित दुर्गा स्थलों पर रात में मातारानी की महाआरती के बाद अनेक जगहों पर दीपों के बीच जगमग होती हुई रोशन से श्रद्धालु आनंद लेते हुए मातारानी का जयघोष कर रहे है। इस प्रकार से शारदेय नवरात्र पर्व के तीसरे दिन यानि की कल शनिवार को घरों व देवी दरबारों में भक्ति पूर्ण माहौल में माँ दुर्गा जी के शांतिदायक, कल्याणकारी, खड्ग और अन्य शस्त्र धारी, सोने सी कांति वाली माँ चन्द्र घंटा रूप की माई की भक्ति धारा में मन मुग्ध भक्तो ने माता भवानी की पूजा की और आज बुधवार को माँ कुष्मांडा की पूजन, आराधना कर भक्त अपने जीवन में नई शक्ति का संचार करेगे, वही दूसरी ओर देखा जा रहा हे कि नवरात्र के दौरान सुबह से भी मंदिरों पर उमड़ने वाली महिलाओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुये पुलिस प्रशासन द्वारा चप्पे चप्पे पर पैनी नजर रखी जा रही है।

## पुलिस द्वारा दस लाख रूपया कीमत की स्मैक पकड़ने जाने की खबर, मगर खुलासे में स्थानीय पत्रकारों से दूरी बनी जन चर्चा का विषय....?

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इन गाडरवारा क्षेत्र जिस तरह अपराध की दुनियों में जिस प्रकार से रिकार्ड बनाते हुये देखा जा रहा है उसके चलते निश्चित आने वाले समय में बाहर के लोगों को इस क्षेत्र में आने के पहले अनेको बार सोचने के लिये मजबूर होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..? क्योंकि जहां गांव गांव शराब का अवैध कारोबार मानो आम बात होते चली जा रही है दूसरी ओर खुलेआम अब क्षेत्र में महिलाओं से जेबर लूटने की घटनाये होने से जहां क्षेत्रवासी दशहत दिखाई देने से नही चूक रहे है। इस बात की सच्चाई कुछ दिवस पहले नगर के गाडरवारा कौड़िया मार्ग पर उस समय देखने मिली जब एक महिला अपने परिवार के सदस्य के साथ मोटर साईकिल पर बैठकर जा रही थी, उसी दौरान अज्ञात बाइक चालक द्वारा महिला के कान में पेहना हुआ जेबर छीनने के प्रयास के दौरान महिला के कान को लहुलुहान करने में कसर नही छोड़ी गई थी..। मगर आज तक पुलिस उस घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को खोजने में असफल नजर आते हुये जान पड़ रही है..? वही दूसरी ओर मादक पदार्थो के अवैध कारोबारों ने तो मानों गाडरवारा क्षेत्र में अपना एक अलग ही इतिहास बना डाला है..? क्योंकि पुलिस की कार्यवाही इस तरह से देखी जा रही है कि मादक पदार्थ का सेवन करने के साथ बाहर के लोगों को पकड़ने तक सीमित होते हुये दिखाई दे रहा है। मादक पदार्थो का अवैध कारोबार में लिप्त स्थानीय स्तर के बडे सौदागरों तक कानून के लम्बे हाथ न पहुंच पाना चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक पा रहे है..? वही दूसरी ओर पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही से जिस तरह पुलिस द्वारा मीडिया से दूरी बनाते हुये देखी जा रही है वह निश्चित ही अपने आप ही सबालों को जन्म देने से नही चूक पा रही है..? कुछ इसी प्रकार सच्चाई बीते हुये बुधवार को देखने मिली। जब गाडरवारा सहित साईखेड़ा पुलिस द्वारा अलग अलग स्थानों से तीन युवकों के पास से लगभग दस लाख रूपया कीमत का स्मैक पावडर पकड़ने की बात तो कही जा रहा है। मगर इस सच्चाई का खुलासा पुलिस द्वारा





स्थानीय पत्रकारों के समक्ष किये जाने से इंकार करते हुये लगभग 55 किलो मीटर दूर जिला मुख्यालय से किया जाना चर्चा का विषय बनने के साथ जन चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिरकार ऐसा कौन से कारण है जिसके चलते पुलिस द्वारा मामले का खुलासा स्थानीय पत्रकारों के समक्ष नही किया गया है..? खैर सच्चाई जो भी हो उसे पुलिस ही जाने...? स्थानीय मीडिया के पुलिस द्वारा मोबाईल के माध्यम से पहुंचाई गई जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि पुलिस द्वारा गुना जिले के दो युवकों के पास से 60 ग्राम स्मैक पावडर तो सांईखेड़ा पुलिस द्वारा ग्राम धनौरा के एक युवक के पास से 40 ग्राम स्मैक पावडर पकड़ा गया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा दो युवक जो गुना जिले के निवासी है वह मोटर साईकिल से जा रहे थें जिन्हे पुलिस ने पकड़कर स्मैक पावडर जप्त किया गया है। इसी प्रकार से सांईखेड़ा पुलिस द्वारा भी ग्राम धनौरा निवासी एक युवक के पास से 40 ग्राम स्मैक पकड़ी गई है। इस तरह पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही को लेकर क्षेत्र के लोगों में अनेक इस तरह के सबाल पैदा होते हुये सुने जा रहे है कि जब मात्र गाडरवारा क्षेत्र में ही इतनी मात्रा में स्मैक पावड़र मिल रहा है तो फिर पीने वालों की संख्या कीतनी होगी...?

## भव्य शोभा यात्रा के साथ हुआ संगीत में श्रीमद्भागवत कथा आरंभ





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। समीपस्थ ग्राम बेलखेड़ी ग्राम में स्थित प्राचीन मंदिर परिसर ग्राउंड में बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन शुरू हुआ। इस शोभायात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया और मंगल गान करती हुईं यात्रा में शामिल हुईं।कलश यात्रा मंदिर परिसर ग्राउंड से शुरू हुई और पूरे बेलखेड़ी गांव में मुख्य मार्गो से होते हुए वापस कथा स्थल में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक भागवत किकर प.कृष्णकांत शास्त्री श्री वृंदावन धाम महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। इस दौरान उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है। जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है।आपको बता दे बेलखेड़ी में पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटेल परिवार द्वारा हर वर्ष धार्मिक आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर गाडरवारा क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व विधायक गोविंद सिंह जी पटेल, समाजसेवी अशोक काबरा, शिवकुमार नीखरा, मुन्ना भैया, गौतम सिंह पटेल,अनिल साहू,अभिषेक पटेल,अंकुश पटेल अन्य लोग शामिल होकर पुण्य लाभ लिया गया।

### पुरानी बुराई को लेकर की मारपीट

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के माता वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह गणेश विसर्जन के दौरान छिड़ाव घाट जा रहा था। उसी दौरान माता वार्ड निवासी नितिन जाटव व साहिल जाटव मिले जो पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगे जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपियों द्वारा एक राय होकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। इसी दौरान अजय व सूरज कहार बीच बचाव करने के लिये आये तो प्रशांत जाटव ने उनके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### लेने देने की बात पर मारपीट

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के कामर्थ वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह ड्राईवरी का काम करता है बीते हुये दिवस जब प्रार्थी अपने घर था उस समय नवीन द्वारा सुनील लोधी से पैसों के लेनदेन को लेकर बुलाया। जब प्रार्थी पुराना बस स्टेन्ड पहुंचा तो वहां पर नवीन कुचबंदिया व सुनील दोनों खडे मला तो प्रार्थी ने नवीन से कहा कि लेनदेने तुम दोनों के बीच का है तुम ही उसे निपटा लो। इसी बात को लेकर नवीन द्वारा प्रार्थी को गंदी दी गाली देने लगा जब प्रार्थी ने गाली देने से मना किया तो प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया।

## सेवा पखवाडे के दौरान ग्लोबल स्कूल को मिली उपलब्धि




हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। नगर के ग्लोबल विद्यालय में आज एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई जब ग्लोबल स्कूल की छात्रा हनी पठारिया, अंजली वर्मा, दुर्गा वर्मा, शिवांगी लोधी और प्रताप वर्मा ने संभाग स्तर पर आयोजित सेवा पर्व पखवाड़ा के तहत सुर वाणी संगीत कला प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता का आयोजन मध्य प्रदेश शासन द्वारा उस्ताद अलाउद्दीन संगीत खां एवं कला अकैडमी मध्य प्रदेश स्वीकृति परिषद भोपाल के सहयोग से किया गया था। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्री मति माया नारोलिया जी द्वारा प्रशस्ति प्रमाण पत्र से सभी छात्रों को सम्मानित किया गया विद्यालय संचालक रंजीत साहू, प्रिंसिपल शिव कुमारी साहू और संगीत शिक्षक सूरज श्रीवास ने छात्रों की प्रस्तुति में विशेष उपस्थिति दर्ज की। यह आयोजन सेवा पखवाड़ा के तहत किया गया था। इस उपलब्धि के लिए सभी अभिभावकों के साथ छात्र छात्राओं में उत्साह देखने मिल रहा है।

### महिला के साथ की गई मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस वार्ड क्रमांक 1 सालीचौका निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वही के निवासी युवराज पिता सुरेश चौकसे तथा उसकी माँ द्वारा जमीन की बुराई को लेकर एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट करते चोटे पहुंचाई। वही प्रार्थिया का पति जब बीच बचाव करने के लिये आया तो उसकी साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

## विकासखंड चीचली में एक दिवसीय अल्प विराम परिचय कार्यशाला का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज/चीचली। राज्य आनंद संस्थान मध्यप्रदेश शासन और मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सयुंक्त तत्वाधान में जिले के सभी विकास खंडों में एक दिवसीय आनंद अल्पविराम परिचय कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है। इसी के चलते इस कार्यशाला का समापन विकासखंड चीचली में सम्पन्न हुआ। प्रत्येक विकासखंडों में नरसिंह आनंद क्लब के मास्टर ट्रेनर और आनंदकों के सक्रिय सहयोग से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी- कर्मचारी शामिल हुए। विकासखंड चीचली में एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला में जनपद पंचायत सीईओ अभिषेक गुप्ता ने कहा कि अधिकारी- कर्मचारी तनावमुक्त होंगे तभी गुणवत्ता पूर्ण कार्यों का निष्पादन कर सकेंगे। कार्यशाला में लोक सेवकों ने शांत समय लेते हुए हम किस तरह से तनाव मुक्त होकर कार्यों का संपादन करके परिवार और कार्यक्षेत्र में आनंद और उत्साह से रह सकते है। मदद का भाव स्वजीवन में परिवर्तन का भाव ला सकता है। जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद जय नारायण शर्मा ने कहा कि अल्पविराम अंतरात्मा की आवाज है। जब हम अल्पविराम लेते है, तब हम सहज और सरल होते जाते है। प्रतिभागियों ने विषय बिंदुओं को समझा और परस्पर संवाद किए। कार्यशाला में प्रतिभागीयों का परिचय नाम, विभाग का नाम, बचपन का नाम, रुचियों सहित अन्य बिंदुओं के आधार पर लिया। राज्य आनंद संस्थान का परिचय मास्टर ट्रेनर यमुना विश्वकर्मा ने दिया। इस दौरान उन्होंने विभाग की गतिविधियों से प्रतिभागियों को परिचित कराया। साथ ही आनंद विभाग का प्रशिक्षण ऑनलाइन माध्यम से कैसे कर सकते हैं, इसकी विस्तार से जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर मुक्ति राय ने आनंद की ओर सत्र में प्रतिभागियों को सुविधा, संबंध और समझ में सामंजस्य बिठाकर जीवन को आनंदित कैसे रखे इस पर विस्तार से बताया। जीवन का लेखा- जोखा सत्र का संचालन मास्टर ट्रेनर एवं जिला संपर्क प्रमुख सुश्री विप्रा मोदी ने लिया। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि किस तरह मदद का भाव कृतज्ञता को बढ़ाता है, क्षमा का भाव सरल बनाता है। आनंदक शशिकांत मिश्र द्वारा ने आनंद संस्थान के विभिन्न विषयों पर संवाद और गतिविधियां करवाई गई। विकासखंड समन्वयक सुश्री स्मिता टांडे ने प्रतिभागियों को शांत समय से जुड़े रहने का आग्रह किया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

आशिक खान आ. श्री मोहम्मद खान निवासी पनारी, तह. गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) द्वारा शासकीय सिविल अस्पताल शाहपुर के नाम शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये बताया है कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूँ। मुझ शपथकर्ता के **पुत्र का जन्म 14/10/2015** को शासकीय प्रथा. अस्पताल शाहपुर में हुआ जिसका जन्म प्रमाण पत्र मुझे डिजिटल पत्र के रूप में प्राप्त हुआ था जिसमें उसका नाम उसका नाम **चाँद खान दर्ज** है जो कि गलत है। जबकि मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्रमांक 898837710208 में उसका सही नाम **अशद खान आ. आशिक दर्ज है**। यह है कि मुझ शपथकर्ता के पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम चांद खान दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरे पुत्र का सही नाम **अशद खान आ. आशिक खान** दर्ज करते हुये पुनः नया जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे।

**शपथ कर्ता**
**आशिक खान आ. श्री मोहम्मद खान**
**निवासी- ग्राम पनारी,**
**तहसील गाडरवारा**
**जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)**

# ग्राम चरखुटिया मार्ग निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, प्रशासन ने दिया आश्वासन





**डिंडौरी।** विकासखंड करंजिया अंतर्गत कस्बा गोरखपुर से लगे ग्राम चरखुटिया पहुंच मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार सुबह डिंडौरी-अमरकंटक मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। यह विरोध गोरखपुर की छोटी पुलिया के पास अतिक्रमण के चलते मार्ग बाधित होने को लेकर किया गया।जैसे ही प्रशासन को सूचना मिली, नायब तहसीलदार करंजिया शैलेष गौर मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों से चर्चा की। उन्होंने आश्वस्त किया कि आठ दिन के भीतर अतिक्रमण हटाकर वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जाएगी। प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और करीब एक घंटे बाद, सुबह 11 बजे जाम समाप्त किया गया।ग्रामीणों का कहना है कि गोरखपुर पुलिया के पास अतिक्रमण के कारण चरखुटिया तक का रास्ता अवरुद्ध हो गया है, जिससे आवाजाही में भारी दिक्कतें आ रही हैं। विशेष रूप से हर सोमवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। रास्ता न होने के कारण स्कूली बच्चों, किसानों, मरीजों और आम नागरिकों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाया गया और मार्ग निर्माण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो वे फिर से आंदोलन करेंगे। प्रशासन की ओर से वैकल्पिक व्यवस्था के आश्वासन के बाद, अब क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि लंबे समय से लंबित यह समस्या जल्द सुलझेगी और ग्राम चरखुटिया के लिए सुगम मार्ग उपलब्ध होगा।

## मैराथन दौड़ के साथ बच्चों ने दिया स्वच्छता का संदेश




**शहपुरा**-डिंडोरी जिले के शहपुरा तहसील अंतर्गत नगर परिषद शहपुरा में बुधवार को ओपन मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नगर की समस्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय शहपुरा के छात्र-छात्राओं के साथ अधिकारी कर्मचारी एवं आमजन में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया सैकड़ो की संख्या में लोग मैराथन दौड़ में शामिल हुए देशभर में विगत 17 सितंबर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से आगामी 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं जिसमें प्रत्येक दिन अलग-अलग कार्यक्रम निर्धारित है इसी कड़ी में स्वच्छ शहपुरा स्वस्थ शहपुरा अंतर्गत मैराथन प्रतियोगिता आयोजित हुई नगर परिषद शहपुरा पुलिस थाना शहपुरा के संयुक्त तत्वाधान में सुबह 7:00 से सभी ने मैराथन दौड़ में हिस्सा लिया छात्रा वर्ग की मैराथन दौड़ में प्रथम स्थान देवंती पुसाम ने हासिल किया वही द्वितीय स्थान पर रुक्मणी परस्ते एवं तृतीय स्थान पर अभिलाषा परस्ते रही बालक वर्ग में हुकुमचंद पट्टा ने प्रथम स्थान हासिल किया बबलू सिंह परस्ते ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया सुमन सिंह मरावी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया सभी विजयी खिलाड़ियों को नगर परिषद शहपुरा के द्वारा कप एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद शहपुरा की अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल नगर परिषद के उपाध्यक्ष मुकेश साहू अनुभागीय अधिकारी शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद अधिवक्ता भजन चक्रवर्ती पार्षद राजकुमारी रजक हरीश साहू सुरेंद्र साहू वरिष्ठ भाजपा नेता विष्णु अवधिया ज्ञानदीप त्रिपाठी राकेश अग्रवाल अरुण अग्रवाल एसडीओपी पुलिस अजय तिवारी थाना प्रभारी अनुराग जामदार विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी डी पटेल प्राचार्य डीके श्रीवास्तव अनूप गुप्ता मुकेश गुप्ता महामंत्री नितिन गुप्ता हरिहरन रजक मुख्य नगर पालिका अधिकारी विकेश कुमरे उपयंत्री रितिका मेरावी तहसीलदार शहपुरा कैलाश रजक शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य सी एस परस्ते मीडिया प्रभारी रामकिशोर गुड्डा सोनी सोशल मीडिया प्रभारी रवीश साहू बीआरसी गुरु साहू जन शिक्षक अश्वनी साहू सहित सैकड़ो की संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## अमोलेश्वरधाम आश्रम में बच्चू महाराज जी का 74वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**शहपुरा।** डिंडौरी एवं उमरिया जिले की सीमा पर स्थित पवित्र धार्मिक स्थल अमोलेश्वरधाम (अमोलखोह) आश्रम में 23 सितंबर को अमोल आश्रम के पीठाधीश्वर एवं श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री श्री 1008 भगतगिरी बच्चू महाराज जी का 74वां जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुपूजन, तिलक वंदन और आरती से हुआ। इसके पश्चात महाराज श्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वचन प्रदान किए। जिसके पश्चात इस अवसर पर संत भोजन, कन्या भोजन तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।कार्यक्रम मंक शामिल होने उमरिया, डिंडौरी सहित आसपास के जिलों एवं दूर-दराज़ से हजारो की संख्या में श्रद्धालु आश्रम पहुंचे। जन्मोत्सव पर्व के दौरान पूरा आश्रम परिसर भक्ति, भजन और जयकारों से गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह से आध्यात्मिक रंग में रंग गया।




## मुख्य मंत्री कृषि उन्नति योजनांतर्गत वर्ष 2024-25 में किसानों को धान प्रोत्साहन राशि वितरण

**डिंडौरी ।** कार्यक्रम का आयोजन बालाघाट जिले के कटंगी तहसील में दिनांक 24.09.2025 को हुआ। जिसमें प्रदेश के 6,69,272 किसानों को 337.12 करोड का सिंगल क्लिक के माध्यम से धान की बोनस राशि का अंतरण किया गया जिसमें जिले के 22018 किसान लाभान्वित हुए। जिसका सीधा लाइव प्रसारण डिंडौरी एन.आई.सी. के सभागार में किया गया। साथ ही जिले के विकासखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ जिसमें जनप्रतिनिधि गण एवं जिले के कृषक उपस्थित हुए।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में माननीय सांसद, श्रीमान फग्गन सिंह कुलस्ते संसदीय क्षेत्र मंडला/ डिंडोरी, माननीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे विधान सभा क्षेत्र शहपुरा, जिला पंचायत अध्यक्ष माननीय श्री रुदेश परस्ते, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति सुनील सारस, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमति आशा धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमति हीरा रूदेश परस्ते, सांसद प्रतिनिधि श्री नरेंद्र राजपूत एवं जनप्रतिनिधि गण तथा कलेक्टर श्रीमति नेहा मारव्या, अपर कलेक्टर श्री जे.पी.यादव, उपसंचालक कृषि सुश्री अभिलाषा चौरसिया, विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं जिले के कृषक बंधु उपस्थित रहें।

## शासकीय कर्मचारियों के लिए "अल्प विराम परिचय कार्यशाला" सम्पन्न



**डिंडौरी ।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों में आनंद की अनुभूति कराने तथा उनके जीवन कार्यों में सकारात्मकता बढ़ाने की दृष्टि से प्रदेशभर में अल्पविराम परिचय कार्यशाला आयोजित की गई इसी श्रृंखला में जनपद पंचायत के सभाकक्ष समनापुर जिला डिंडोरी में कार्यशाला आयोजित हुई।

कार्यशाला का प्रारंभ भारत माता के चल चित्र में पूजन के साथ शुभारंभ किया गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री धर्मेंद्र चौहान, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जतिन ठाकुर, आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर श्री अजीत, जिला समन्वयक मंजूषा शर्मा, राजेश गुप्ता, सोहन साहू और रजनी की उपस्थिति में कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री जय सिंह जी, श्री शिवराम सिंह राजपूत, श्री भारत सिंह राजपूत, विकासखंड समन्वयक श्रीमती मंजूलता राव ने संचालन कर कार्यक्रम की रूप रेखा बताई। जिला समन्वयक श्री धर्मेंद्र चौहान ने कहा कि खुशी, प्रसन्नता, उत्साह के साथ साथ इसी खुशी और आनंद के साथ हम लोग हमारे दैनिक जीवन के कार्यों को बड़े ही मनोयोग से करते हैं, तो हमारे कार्यों में और निखार आता है आज के इस भाग दौड़ भरे जीवन में शांति बहुत जरूरी है, और आनंद विभाग द्वारा यह कार्य सभी शासकीय कर्मचारियों अधिकारियों के लिए किया जा रहा है जिससे हम लोग प्रसन्न होकर कार्य में रुचि से करे। साथ ही हर समय सकारात्मक भाव रखें।

जनपद पंचायत सी ई ओ श्री जतिन ठाकुर जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैने स्वयं अल्प विराम प्रशिक्षण लिया है, इसमें जो आनंद की अनुभूति हुई वह मन को शांति प्रदान करने वाली है, हम उत्साह से भरकर इस विराम को दूर करने के लिए हम लोग आज अल्पविराम कार्यशाला के माध्यम आनंद विभाग के साथ कार्य करने के आयाम सीखेंगे और सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते-करते सामाजिक एवं शासकीय कार्य को खुशनुमा बनाकर कार्य कर अपने दायित्व का निर्वहन सकारात्मक भाव से सकते है ।

आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर अजित सर ने अल्पविराम कार्यशाला के प्रतिभागियों के बीच विस्तार से कार्यशाला के उद्देश्यों बताते हुए, हमारे जीवन कार्यों को तनाव मुक्त कर आनंद की अनुभूति के टिप्स बताए, उपस्थित प्रतिभागियों से चर्चा करते हुए प्रशिक्षक सोहन साहू ने सबकी सहभागिता कार्यशाला में अनेक जानकारी प्रदान कराई जिसमें जीवन का लेखा जोखा, संपर्क सुधार के माध्यम से अपने जीवन को कैसे दिशा दी बताई। मास्टर ट्रेनर राजेश ने अपने अनुभव को शेयर करते हुए जीवन की बुराइयों को कैसे अल्प विराम लेकर दूर किया विस्तार से बताया कि कैसे जीवन से ईर्ष्या, द्वेष, जलन को दूर किया जा सकता है।

समापन सत्र में उपस्थित प्रतिभागियों ने अपने अनुभव लोगों के बीच रखा तथा प्रशिक्षण की प्रसंशा किए। एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला में स्वस्थ विभाग, कृषि विभाग, जनपद पंचायत, जन अभियान परिषद विभाग, राजस्व विभाग महिला वाल विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग पशु पालन सहित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार जन अभियान परिषद के विकास खंड समन्वयक श्रीमती मंजूलता राव ने किया।

## सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न



**डिंडौरी ।** कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डिंडौरी विधायक श्री ओमकार सिंह मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूद्रेश परस्ते, सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री नरेंद्र राजपूत, डिंडोरी जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा सिंह, शहपुरा जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका आर्मो, करंजिया जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता पट्टा, मेंहदवानी जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री रामप्रसाद तेकाम, बजाग जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती फूलकली मरावी, समनापुर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पवन्ती कुशराम, अमरपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री हन्नु पट्टा और कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या, पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, अपर कलेक्टर एवं प्रभारी सीईओ जिला पंचायत श्री जे.पी. यादव, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**जिले के मध्यम, लघु बहुउद्देशीय परियोजनाओं की समीक्षा**

बैठक में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण अंतर्गत नर्मदा अपर परियोजना अनुबंध विवरण, राघवपुर बहुउद्देशीय परियोजना और बसनिया बहुउद्देशीय परियोजना की विस्तृत समीक्षा की गई। सांसद श्री कुलस्ते ने निर्देश दिए कि इन परियोजनाओं से किसानों तक शीघ्र लाभ पहुंचे। जल संसाधन विभाग की योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का आकलन किया गया। सांसद ने कहा कि बांधों का पानी नहरों के माध्यम से समय पर किसानों के खेतों तक पहुंचे, इसे प्राथमिकता पर रखा जाए। साथ ही मध्य एवं लघु परियोजनाओं के कार्य अपूर्ण छोड़ने वाले ठेकेदारों पर रिकवरी की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**राष्ट्रीय राजमार्ग और पुल निर्माण पर गुणवत्ता पर जोर**

लोक निर्माण विभाग की प्रस्तुतियों की समीक्षा के दौरान सांसद श्री कुलस्ते ने डिंडौरी से शहपुरा तक निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने नर्मदा नदी और सिलगी नदी पर प्रस्तावित पुल निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के साथ पुल निर्माण भी समय पर पूरा हो, ताकि आवागमन बाधित न हो। सांसद ने स्पष्ट चेतावनी दी कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमानुसार गुणवत्ता व सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य होगा।

**विद्यालय एवं शासकीय भवन निर्माण की समीक्षा**

बैठक में सांदीपनी विद्यालय भवनों के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई। सांसद ने निर्माण एजेंसियों और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि भवन निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। साथ ही विद्यालय भवनों तक पहुंच मार्ग का निर्माण भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आवागमन में कठिनाई न हो। इसी प्रकार सभी शासकीय भवनों सहित आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। सांसद ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य समयसीमा और गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं। निर्माण एजेंसियों से प्रगति एवं गुणवत्ता रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा गया। **सख्त निर्देश और जवाबदेही** बैठक के दौरान सांसद श्री कुलस्ते ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता पर निरंतर निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी निर्माण कार्य में ढिलाई या लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।



## 19 दुकानदारों से 12 किलो पॉलीथिन जप्त, 7 हजार 400 का हुआ जुर्माना

### नगर परिषद की छापामार कार्रवाई

**डिंडोरी।** जिला मुख्यालय को प्लास्टिक मुक्त बनाने की कवायद के तहत बुधवार को नगर परिषद की टीम ने व्यापक छापामार अभियान चलाया। अभियान के मद्देनजर बुधवार की सुबह से ही नगर परिषद का अमले ने शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों, किराना दुकानों और थोक व्यापारिक प्रतिष्ठानों में दबिश दी और पॉलीथिन का उपयोग करने वाले 19 दुकानदारों पर चालानी कार्यवाही को अंजाम दिया।जानकारी में मुताबिक इन दुकानदारों से 12 किलोग्राम प्लास्टिक बरामद की गई।जिसमे 7 हजार 400 रुपये का जुर्माना अर्थदंड के रूप में बसूल किया गया।नगर परिषद की इस सख्ती से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान बड़ी से संख्या में दुकानदारों ने मौके पर ही प्लास्टिक थैलियों का उपयोग बंद करने और वैकल्पिक साधनों को अपनाने का आश्वासन दिया है।कार्रवाई के विषय मे जानकारी देते हुये मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमित तिवारी ने कहा कि "प्लास्टिक प्रदूषण न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रहा है।बल्कि माँ नर्मदा को प्रदूषित करने तथा नगर की स्वच्छता व्यवस्था को भी प्रभावित कर रहा है।ऐसी स्थिति में नगर परिषद का संकल्प है कि डिंडौरी को प्लास्टिक मुक्त बनाना है।"नगर परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि नगरवासी कपड़े, कागज और जूट के थैले उपयोग करें।इस कार्रवाई के दौरान नगर परिषद के उपयंत्री,राजस्व प्रभारी, जोन प्रभारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### गौशाला निर्माण कार्य हेतु किया गया भूमि पूजन



**शहपुरा।** नगर परिषद क्षेत्र शहपुरा अंतर्गत चरगांव रोड पेट्रोल पंप से लगी भूमि पर बृहद गौशाला निर्माण कार्य हेतु सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे एवं नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल के द्वारा भूमि पूजन किया गया जिसमें शीघ्र ही गौशाला निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा गौशाला निर्माण कार्य नगर की जनसंख्या से किया जाना सुनिश्चित किया गया है जिसमें बजरंग दल,गौ सेवक एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की समिति प्रमुख रूप से कार्य करेगी गौशाला में निर्माण हेतु सांसद एवं विधायक में समिति को सहयोग के लिए आसवश्त भी किया है गौशाला भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद उपाध्यक्ष मुकेश साहू भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री बद्री साहू मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद भजन चक्रवर्ती मनोहर सोनी विष्णु अवधिया दुर्गेश साहू ज्ञानदीप त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष मानिकपुर हीरेंद्र मरावी मोहित कारपेंटर, हिमांशु अग्रवाल संजय सोनी पारस गुप्ता हरिहरन रजक नितिन गुप्ता नवीन विश्वकर्मा अरविंद रजक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर गोदग्राम रामगढ़ में कार्यक्रम संपन्न



**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर द्वारा गोदग्राम रामगढ़ में महाविद्यालय प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस एवं सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत गोदग्राम रामगढ़ में स्वच्छता, पर्यावरण, बेटी बढ़ाओं-बेटी पढ़ाओं पर रैली व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुकता का संदेश दिया गया। रासेयो स्वयं सेवक छात्र एवं छात्राओं द्वारा ग्राम के नागरिकों से संपर्क कर स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण आदि के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. निगहत खान, स्वयं सेवक छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### ऊर्जा संरक्षण पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन



**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत ऊर्जा संरक्षण पर संवाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऊर्जा संरक्षण के लिए छात्र एवं छात्राओं को बताया गया कि प्रकृति में यह ऊर्जा निर्माण धीमी और लंबी प्रक्रिया हैं। क्योंकि ऊर्जा के अनेक रुप प्रकाश ऊर्जा, यांत्रिक ऊर्जा, रासायनिक ऊर्जा एवं जैविक ऊर्जा आदि होते हैं। यह ऊर्जा प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन काल में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से उपयोग करते हैं। इसलिए हम सभी को गैर - नवीनकरण ऊर्जा कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस आदि का उपयोग कम और नवीनीकरण सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जल विद्युत ऊर्जा का उपयोग अधिक करना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति अपने आवश्यकता के अनुसार यह ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग करना चाहिए ताकि भविष्य के लिए ऊर्जा की जरूरतों की पूर्ति करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के स्टॉफ डॉ. निगहत खान, हुस्नआरा अंसारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से व्यक्ति की मौत

**नरसिंहपुर।** गत दिवस सर्पदंश से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जितेंद्र यादव पिता हरिशंकर यादव उम्र 41 वर्ष निवासी बसुरिया थाना गाडरवारा को अपने घर पर सर्प ने काट लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग प्रकरण तैयार शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### मणिनागेन्द्र सिंह फॉउण्डेशन द्वारा किए गए फल वितरित



**नरसिंहपुर।** गत दिवस जिला चिकित्सालय में मंणिनागेन्द्र सिंह फॉउण्डेशन द्वारा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत जालम सिंह पटेल पूर्व राज्य मंत्री द्वारा 40 टीबी के मरीजों को पोषण किट वितरित की गई, जो उनके पोषण की जरूरतें पूरी करेंगी और उनके उपचार में सहायता करेंगी। यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य पर केंद्रित है और टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमति रजनी राजेन्द्र पटैल, पूर्व विधायक गोटेगावं हाकम सिंह चड़ार, पूर्व नगरपालिका अध्ध्यक्ष मंहन्त प्रीतमपुरी, सिविल सर्जन डॉ. राजकुमार चैधरी, जिला क्षय अधिकारी डॉ. विनय ठाकुर, डब्ल्यू.एच.ओ. कंसल्टेंट डॉ. योगेश शर्मा, जिला चिकित्सालय के कर्मचारी एवं टीबी रोगी उपस्थित रहें।

### महिला ने खाया जहर

**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली निवासी महिला द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मी चैधरी पति भरत चैधरी उम्र 25 वर्ष निवासी सगौनी थाना कोतवाली द्वारा अपने घर पर जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे उपचार हेतु परिजनों द्वारा जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है। पुलिस ने महिला के डी डी कथन दर्ज किए गए।

### साधारण सभा की बैठक आज

**नरसिंहपुर।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी की वार्षिक साधारण सभा की बैठक 25 सितम्बर को 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी पदेन सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी नरसिंहपुर ने बताया कि उक्त बैठक में जिला प्रबंध समिति का गठन तथा राज्य शाखा के लिए प्रतिनिधि के निर्वाचन की सूचना अनुसूची 2 (नियम 11) धारा 4 क, ख, ग के अंतर्गत कार्यवाही प्रस्तावित है।

### मंत्री श्री पटेल ने किया व्यापारियों से संवाद



**नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बुधवार को नरसिंहपुर और गोटेगांव के व्यापारियों को जीएसटी की संशोधित दरों एवं स्वदेशी उत्पादकों के विक्रय को लेकर संवाद किया। उन्होंने नई जीएसटी दर लागू होने पर व्यापारियों द्वारा उत्साह व समर्थन करने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर व्यापारियों की दुकानों में कम जीएसटी का लाभ उठाओ- स्वदेशी उत्पाद घर लाओ तथा हर घर स्वदेशी, घर- घर स्वदेशी के बारे में बताया गया। इस अवसर पर विधायक महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, रामसनेही पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।

---

### गौचर भूमि व तालाबों का सीमांकन कराने की मांग

# शासकीय भूमि को कराया जाए अतिक्रमण मुक्त

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

विगत दिवस जागरूक नागरिकों द्वारा जिला प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन मे मांग की गई है कि जिले की समस्त तहसीलों के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में गौवंशों हेतु गोचर भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है इसके बाद भी जिले के अंदर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों व स्टेट मार्ग व अन्य सड़कों पर बेसहारा गौवंश सैकड़ों की संख्या में घूमते रहते हैं और असमय दुर्घटना का शिकार होते हैं व इनसे आमजन भी दुर्घटना ग्रस्त होते हैं। जिले में संचालित गौशालाओं में भी उचित व्यवस्था न होने से इन गौवंशों की स्थिति बदहाल बनी हुई है। गोचर भूमि का सीमांकन कराकर खाली कराई जाए।






#### गोचर भूमि हो अतिक्रमण मुक्त

गौ वंशों की बदहाल स्थिति को लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर नरसिंहपुर के नाम डिप्टी कलेक्टर पूजा सोनी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि जिले में कुछ समय पूर्व जिला प्रशासन द्वारा प्रशासनिक बैठक कर आवारा गौवंशों के उचित रखरखाव व गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त किये जाने के निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को दिये गये थे बावजूद इसके इस संबंध में कोई उचित कार्यवाही तहसील स्तर पर नहीं की गई है। जागरूक नागरिकों द्वारा मांग की गई है कि जिले की समस्त गौशालाओं का व्यवस्थित संचालन हो तथा गोचर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई जाए।

#### तालाबों से हटाया जाए अवैध कब्जा

जागरूक नागरिकों द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि जिले के ग्राम पंचायतों में अनेक योजनाओं के माध्यम से तालाब व अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया है किन्तु अक्सर समाचार माध्यम व सोशल मीडिया के माध्यम से जो जानकारी सामने आती है उसमें ऐसे अनेक तालाबो में अतिक्रमण व अनेक तालाबों में जल की उपलब्धता न होने के कारण वह वास्तविक स्वरूप में तालाब नजर हीं नहीं आते है और लाखों रूपये खर्च होने के बाद भी ग्रामीण जनों व आमजनों को तालाबों से मिलने वाले लाभ से वंचित होना पड़ता है। तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त कराकर पानी का स्त्रोत बनाया जाए।

#### जल संरक्षण पर बने कार्ययोजना

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि जिले में गौचर भूमि व तालाबों का सीमांकन कर उन्हें अतिक्रमण मुक्त करवाया जावे व गौचर भूमि पर उचित प्रबंधन कर गौवंशों की उचित देखभाल की व्यवस्था की कार्ययोजना तैयार की जावे व तालाबों को जरूरत मंदों को पट्टे पर देकर उनके लिए जल संरक्षण के माध्यम से रोजगार की व्यवथा की जावे। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से बाबू पटैल, अनिल पटैल, चंद्रप्रकाश सुरैया, पुरुषोत्तम कौरव, शंकर लाल पटैल, अनिल श्रीवास्तव, रितेश कौरव,सोहन रैकवार, नन्हे लाल चैधरी,लीलाधर धानक, भरत कौरव,चंद्रभान बड़कुर, देवेंद्र दुबे, रामपाल पटैल, स्कंद शर्मा, लक्ष्मण सिंह कौरव, राजा रजक, नरेश भार्गव, शैलेन्द्र जाट, राजेश पाठक, प्रदीप पटैल, अभय पटैल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

## बरहटा स्कूल में मनाया गया स्थापना दिवस

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य एस. के. बक्शी के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार गुप्ता ने राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास और महत्व पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इसकी शुरुआत 24 सितंबर 1969 को मात्र 40,000 स्वयंसेवकों के साथ हुई थी, जबकि वर्तमान में यह संख्या बढ़कर



लगभग 35 लाख से अधिक हो गई है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी पंडित बृजभूषण वाजपेई ने स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन प्रदान किया और एनएसएस की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। शिक्षक ओंकार गिर गोस्वामी ने एनएसएस के सिद्धांत वाक्य, बैच और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी दी। शिक्षक विकास गुप्ता ने मंच संचालन करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य, स्वयंसेवकों के कर्तव्य एवं आचार संहिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ शिक्षक सुनील दीक्षित, जेपी कोरी, सरिता कोरी, मनोरमा कश्यप, संतोष विश्वकर्मा, यश गुप्ता, प्रशांत नामदेव, स्वपनेश अड़कने सहित पूर्व स्वयंसेवक शिवम मेहरा, दीपक यादव एवं अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने किया स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस स्वस्थ नारी सशक्त भारत अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुरपा में वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 1200 लाभार्थियों को विभिन्न स्वास्थ सेवाएं दी गई। शिविर में श्रीमती माया नारोलिया राज्य सभा सांसद एवं राज्य अध्यक्ष भाजपा महिला प्रकोष्ठ, विधायक महेंद्र नागेश, भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, सरपंच अनिमेष धौरेलिया, एवं खुमान सिंह जिला अध्यक्ष विश्व



हिंदू परिषद की गरिमामई उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। कलेक्टर द्वारा उक्त शिविर का निरीक्षण किया गया एवं हितग्राहियों को अधिक से अधिक संख्या में स्वास्थ्य विभाग के अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में कुल 14 रक्तदान किए गए एवं 20 ऐच्छिक रक्त दान के लिए इसववक कवदंजपवद बंतक बाटे गए।

## दिव्यांग की प्रतिभा व हुनर को निखारना सबकी जिम्मेदारी: मंत्री श्री पटेल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे और उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा करना शासन व समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सेवा अभियान में दिव्यांगजनों को शतप्रतिशत लाभांवित करने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मंत्री श्री पटेल बुधवार को शासकीय संदीपनी विद्यालय गोटेगांव में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत विकासखंड स्तरीय (दिव्यांग) बच्चों का चिकित्सकीय मूल्यांकन एवं उपकरण वितरण शिविर को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विधायक महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, रामसनेही पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी- कर्मचारी, शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं छात्र- छात्राएं मौजूद थे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि दिव्यांग बच्चे हमारे समाज के अभिन्न अंग है। इनकी प्रतिभाओं और हुनर को परखते हुए इन्हें आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अभियान के तहत दिव्यांग बच्चों को शासन की योजनाओं से शत प्रतिशत लाभांवित किया जाएगा, जिससे दिव्यांगता उनके विकास में बाधक न बने। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए दिव्यांग शिविर लगाकर उनका चिकित्सकीय परीक्षण कर उनका मूल्यांकन किया जा रहा है, जिसके आधार पर उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किया जा सके। मंत्री श्री पटेल ने आयोजित शिविर में दिव्यांग बच्चों को उनके बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मंत्री श्री पटेल ने आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने दिव्यांग बच्चों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया।

## रासेयो इकाई ने मनाया स्थापना दिवस

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस एम आई एम टी कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरुष इकाई द्वारा रासेयो स्थापना दिवस पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डॉ. अशोक कुमार गर्ग प्राचार्य की अध्यक्षता में तथा श्रीमती अनीता रघुवंशी, विभाग अध्यक्ष गणित एवं श्रीमती माधुरी पटवा महाविद्यालय गर्ल्स विंग इंचार्ज की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में डॉ. गर्ग ने रासेयो अवधारणा व उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों के सामाजिक दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की। श्रीमती रघुवंशी ने स्वंय तथा समुदाय की ज्ञान वृद्धि के लिए रासेयो को श्रेष्ठ




माध्यम बताया। श्रीमती पटवा ने समाज के कमजोर वर्ग की सेवा के लिए प्रेरित कर स्वंयसेवकों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन व आभार व्यक्त करते हुए रासेयो महिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती आराधना दुबे ने वर्तमान में शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता ही सेवा है पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन, सरस्वती पूजन एवं ध्येय पुरूश स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुश्पांजलि अर्पित कर किया गया। वरिष्ठ स्वयंसेवक वेदांत दुबे ने सरस्वती वंदना एवं अपने विचार व्यक्त रखे। कार्यक्रम में रासेयो पुरुष कार्यक्रम अधिकारी सी पी गुप्ता, सहा. प्राध्य. हेमराज सेन, सुश्री दीक्षा केवट, दलनायक अखिलेश बर्मन, दीपिका प्रजापति, पीयूश ठाकुर, विकास मेहरा, अमन साहू, अजहर अहमद कुरैशी, वंशिका राय सहित बड़ी संख्या मे स्वंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शिवानी सेन, सुहानी, रीना ढीमर ने लक्ष्य गीत की सुमधुर प्रस्तुति से किया गया।

## शारदा मंदिर प्रांगण गोटेगांव में विविध कार्यक्रमों का आयोजन
## शारदेय नवरात्रि पर महाआरती, कन्या पूजन एवं महाप्रसाद का वितरण

**गोटेगांव नरसिंहपुर** शारदेय नवरात्रि के अवसर पर श्री शारदा मंदिर प्रांगण पुराना बस स्टैंड गोटेगांव में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा जगतजननी की आरती करते हुए कन्याओं का पूजन किया जा रहा है।इस वर्ष भी शारदा मंदिर प्रांगण में मां दुर्गा की स्थापना की गई है, इस अवसर पर प्रतिदिन मातेश्वरी के एक स्वरूप का आह्वान करते हुए 300 से अधिक देवी स्वरूपा कन्याओं का प्रतिदिन पूजन किया जा रहा है। दैवीय पूजन उपरांत आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में यजमान परिवार की ओर से कन्याओं का पूजन करते हुए 108 दीपकों के साथ आरती की जाती है। शारदा मंदिर के पुरोहित पंडित दशरथ प्रसाद जी दुबे के अनुसार नवरात्रि के अवसर पर इन कन्याओं का पूजन साक्षात भगवती का पूजन है, यदि नवरात्रि के नौ दिनों में आदिशक्ति के नौं स्वरूप की पूजन, कन्या पूजन के रूप में की जाती है तो मातेश्वरी सर्व कल्याण का वर प्रदान करते हुए इच्छित मनोकामनाओं की पूर्ति करती हैं। केवल नवरात्रि में ही नहीं बल्कि प्रत्येक दिन कन्याओं को सम्मान देने की परंपरा आदिकाल से रही है, नवरात्रि के समय जगतजननी के कन्या स्वरूप को पूजित करने का विधान है। नवरात्रि के बैठकी दिवस से द्वितीय दिवस तक सर्वश्री मुकेश बिलवार, रोहित बिलवार, जितेंद्र राय, बेनी सिंह घोसी, मन्नू घोसी( पहलवान) के द्वारा महाआरती ,कन्या पूजन करते हुए उनको उपहार सामाग्री प्रदाय की गई। साथ ही यजमान परिवारों द्वारा उपस्थित



श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया।बताया गया है कि नवरात्र उत्सव में बैठकी दिवस की स्वागत आरती से लेकर दशहरा दिवस तक की विदाई आरती के इन 11 दिवस में अलग-अलग यजमान परिवारों द्वारा 108 दीपों से माता रानी की आरती करते हुए आराधना की जाती है। मंदिर में प्रतिदिन भगवती के अलग-अलग स्वरूप को वैदिक रीति अनुसार भोग समर्पित करते हुए उसे महाप्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है। शारदेय नवरात्रि वर्ष 2025 के पुनीत अवसर पर मां शारदा मंदिर प्रांगण, पुराना बस स्टैंड गोटेगांव में मां दुर्गा के नवरूप की स्थापना की गई है जिनके दर्शनार्थ प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु बसस्टैंड पहुंच रहे हैं। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति पुराना बसस्टैंड गोटेगांव के सर्वश्रीमुकेश चौकसे ,छुट्टू बिलवार, नारायण पटेल, सतीश अग्रवाल ,मुरारी सोनी ,मुकुल राजपूत ,गुड्डा बिलवार, पप्पू पटेल, मुन्नालाल पटेल (मासाब), विजय पटेल ,ध्रुव चौबे ,शिवकुमार महाराज, अज्जू सोनी, मनीष सेन, मनीष विश्वकर्मा, आनंद राय ,पप्पू जैन, छुट्टू सोनीआदि समिति कार्यकर्ताओं ने समस्त श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में उपस्थित की अपील की है।

### ऐतिहासिक राधा कृष्ण मंदिर अतिक्रमण की चपेट में, श्रद्धालुओं को भगवान के दर्शन हो रहे दुर्लभ

**गोटेगांव।** नगर स्थित के फुआरा चौक के समीप अति प्राचीनतम मंदिर 100 वर्ष से भी अधिक पुराना राधा कृष्ण मुरलीधर मंदिर के चारों ओर फैले अतिक्रमण के कारण अब वह लुप्त जैसा प्रतीक होता जा रहा है मंदिर को अतिक्रमण की चपेट में आए लगभग 100 वर्ष से ज्यादा हो चुके हैं परंतु योगीश्वर भगवान कृष्ण के मंदिर को अतिक्रमण से मुक्त करने का साहस आज तक कोई भी नहीं कर पाया है और नाही किसी अधिकारीयों ने इस मंदिर को अतिक्रमण से हटाने की दशा में कोई भी अब तक ठोस कदम भी नहीं उठाया है, स्थानीय बुजुर्गों ने बताया स्टेशन के समीप फुआरा चौक नगर पालिका परिषद कार्यालय परिसर के बगल में अति प्राचीन मुरलीधर मंदिर हुआ करता था जोकि यह मंदिर पहले कभी दूर से ही दिख जाया करता था लेकिन आज इस मंदिर के चारों ओर अतिक्रमण ने इस तरह से पैर पसारे की आज यहां पर ऐसा लगता है कि वह मंदिर को जमीन निकल गई या फिर आसमान खा गया, इस मंदिर में योगेश्वर भगवान श्री कृष्णा और राधा जी की अद्भुत प्रतिमा स्थापित थी जिनके दर्शन के लिए भक्तगण आते थे लेकिन विगत कई वर्षों से देखा जा रहा है कि उक्त मंदिर कहां चला गया यह नगर में और भक्तों में चर्चा का विषय बना हुआ है शासन भी इस विषय में मौन धारण किए हुए हैं नगर की अनेक बुजुर्गों ने बताया कि पहले मंदिर में सुबह-शाम पूजा और आरती भी होती थी परंतु बरसों व्यतीत हो जाने के बाद उक्त मंदिर के दर्शन दुर्लभ हो गए हैं नगर में कौतूहल लोग कहते हैं कि इस मंदिर को जमीन निकल गई है या आसमान का गया है नगर के प्राचीन मंदिर का निर्माण 1909 में सेठ गोकुलदासजी के ने करवाया था इस मंदिर के बनने के बाद इसमें पुजारी के द्वारा आरती पूजन वंदन सभी कार्यक्रम संबंध किए जाते थे परंतु धीरे-धीरे इस मंदिर के चारों ओर इतना अतिक्रमण फैल गया है, मंदिर उस अतिक्रमण से ऐसा घिरा की वह लुप्त ही हो गया अब भक्तों को भगवान के दर्शन करना दुर्लभ हो रहे हैं उनकी पूजन वंदना आरती आदि कार्यक्रम नहीं कर पा रहे हैं जिससे आस्था रखने वाले श्रद्धालु बंधुओं में नाराजगी और रोष व्याप्त होने के साथ-साथ इस मंदिर में फैले अतिक्रमण को लेकर जनचर्चा का विषय बना हुआ है*एस.डी.एम से अतिक्रमण हटवाने की आस*स्थानीय लोगों ने एस.डी.एम से इस अती प्राचीन मंदिर के आसपास फैले अतिक्रमण को हटाने की आस लगाई है उनका कहना है कि इस प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर के इर्द-गिर्द फैलने वाले 100 वर्ष पुराने अतिक्रमण को मुक्त कराकर राधा मोहन के दर्शन कब सुलभ कराएंगे, इस मंदिर में आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं ने नगरीय प्रशासन सहित जिला प्रशासन से अति प्राचीनतम मंदिर को अतिक्रमण से हटाने की मांग की है ताकि आस्था रखने वाले श्रद्धालु भगवान राधा कृष्ण मोहन के दर्शन कर पूजन अर्चन आरती बंधन करने के साथ-साथ विविध धार्मिक आयोजन कर सकें !



### कांग्रेस जिला अध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन पर स्थानीय कांग्रेसीजनों ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत अभिनंदन कर निकाली विशाल वाहन रैली

**गोटेगांव- नरसिंहपुर** नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल के प्रथम नगर आगमन पर गोटेगांव नगर में बुधवार को भव्य स्वागत समारोह एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर कांग्रेसजनों एवं नगरवासियों में गज़ब का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 3 बजेश्री देव ठाकुर बाबा मंदिर से हुई, जहाँ भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, महिला कांग्रेस, युवा मोर्चा, यूथ कांग्रेस एवं एनएसयूआई के सदस्य एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने फूलों की वर्षा, बैंड-बाजे एवं गगनभेदी नारों के साथ जिलाध्यक्ष श्रीमती पटेल का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत के उपरांत एक भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई विभिन्न स्वागत स्थलों से होकर गुजरी। नगर के हर प्रमुख चौराहे और स्थान पर स्वागत द्वार बनाए गए थे, जहाँ स्थानीय नागरिकों ने पुष्पमालाओं से जिलाध्यक्ष का अभिनंदन किया। नगरवासियों ने पूरे जोश और उल्लास के साथ इस रैली में भाग लिया।रैली के उपरांत श्रीधाम मैरिज हॉल में भव्य स्वागत एवं कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं यूथ युवा कांग्रेस द्वारा की गई। सम्मेलन में वक्ताओं ने श्रीमती सुनीता पटेल के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सशक्त नेतृत्व क्षमता और समर्पण से कांग्रेस को नई दिशा एवं ऊर्जा मिलेगी, कार्यक्रम में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। सम्मेलन के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया और आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

## एन एस एस का स्थापना दिवस आयोजित

तेंदूखेड़ा

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।संत मोनी महिला महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम सरस्वती पूजन एन एस एस के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद जी एवं संत मोनी दादा को याद करते हुए एन एस एस के लक्ष्य गीत के साथ शुरुआत हुई।सर्वोदय महिला महाविद्यालय की छात्राओं को बी सर्टिफिकेट का वितरण एवं छात्रा मुस्कान विश्वकर्मा ने राज्य स्तरीय शिविर अमरकंटक में सहभागीता कि उसको मंच से सम्मानित किया गया ।एक नाटिका के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया।




कार्यक्रम में कुमारी शिवानी लोधी प्रोफेसर सीताराम रैकवार तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ श्प्रकाश जैन अध्यक्षता डॉ श्रीमती किरण प्रभा जैन समिति सदस्य चंद्रभूषण पाठक ने अपने विचार रखें । कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अरुणा जैन ने किया आभार प्रदर्शन डॉ रश्मि साहू ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही।